पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

"परम श्रद्धेय भारत रत्न अटल जी की जयंती पर सदैव अटल जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की"

"अटल जी के विचार और देश की प्रगति के लिए उनका समर्पण हमें सदैव राष्ट्रसेवा के लिए शक्ति देते रहेंगे"

"विचारधारा-सिद्धांतों पर आधारित राजनीति एवं राष्ट्र समर्पित जीवन से भारत में विकास, गरीब कल्याण और सुशासन के युग की शुरुआत करने वाले भारत रत्न आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन"

"अटल जी की कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रसेवा हमारे लिए सदैव प्रेरणा का केंद्र रहेगी"

नई दिल्ली, 25.12.2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली स्थित अटल जी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अपने ट्वीट्स में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि “परम श्रद्धेय भारत रत्न अटल जी की जयंती पर सदैव अटल जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। अटल जी के विचार और देश की प्रगति के लिए उनका समर्पण हमें सदैव राष्ट्रसेवा के लिए शक्ति देते रहेंगे”।

श्री अमित शाह ने यह भी कहा कि "विचारधारा-सिद्धांतों पर आधारित राजनीति एवं राष्ट्र समर्पित जीवन से भारत में विकास, गरीब कल्याण और सुशासन के युग की शुरुआत करने वाले भारत रत्न आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। अटल जी की कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रसेवा हमारे लिए सदैव प्रेरणा का केंद्र रहेगी"।

******

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी